दिनांक 13.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान]

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर की पहल से 62 परिवारों को मिली राहत

भिलाईनगर/ सेक्टर-09 में प्लेसमेंट पर कार्यरत् 62 वार्ड ब्वाॅय और अटेण्डेट जिन्हे विगत् 03 माह से वेतन भी प्राप्त नहीं हआ था और ठेकेदार के बदल जाने के कारण बगैर सूचना दिये कार्य से पृथक कर दिया गया था। विगत् 03 फरवरी से लगातार आंदोलनरत् थे और अपनी परिस्थिति को उन्होने विधायक भिलाई नगर को जैसे ही अवगत कराया उसपर तत्काल दुरभाष पर चर्चा करके महापौर परिषद के स्वास्थ्य विभाग के सभापति लक्ष्मीपति राजू को भेजकर प्रबंधन से विस्तृत चर्चा करने को कहा। जिसका सुखद परिणाम यह रहा कि वर्तमान ठेकेदार एवं प्रबंधन दोनों ही इस बात पर राजी हो गये कि पूर्व से कार्यरत् एवं अनुभवी कर्मियों को रोजगार से वंचित नहीं किया जायेगा और उनकी सेवाएं यथावत् जारी रहेंगी। इस बात से प्रसन्न होकर सभी 62 कर्मी और उनका इस आंदोलन में साथ देने वाले सीटू के योगेश सोनी, जीमल अहमद, सरोज सिन्हा, वाई0 वेंकट सुबुलू, कमलेश चोपड़ा, प्रशांत विश्वकर्मा, टी0 सुनील सहित भिलाई नगर विधायक एवं महापौर देवेन्द्र यादव को धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु महापौर कार्यालय पहुंचे तथा उनके सेवांओं की रक्षा करने तथा उनके परिवार को तंगहाली से बचाने में किये गये सहयोग के लिए हृदय से अभार व्यक्त किया। महापौर ने जिम्मेदारी से उन्हे वचन दिया है कि वो उनकी सेवांओं के लिए हमेशा उनके साथ है और भिलाई की जनता के भलाई में वो सभी अपना भरपूर योगदान अवश्य करें।

जनसम्पर्क अधिकारी